हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 भीषण गर्मी में प्यासे व परेशान यात्री, शौचालय...



12 अक्ती पर परंपरा-आस्था का अनूठा संगम, माटी...





## खबर संक्षेप



### सहसपुर की समस्याओं को लेकर सीईओ को ज्ञापन

कोपरा। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहसपुर के सरपंच प्रतिनिधि नरशु ध्रुव ने सोमवार को गांव के समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा। नरशु ध्रुव ने जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर को लिखी आवेदन दिया जिसमें ग्राम पंचायत नवीन भवन निर्माण और अन्य कई समस्याओं को अवगत कराया। नरशु ध्रुव ने कहा की गांव के छोटे से छोटे समस्याओं को दूर करना हमार प्रथम कर्तव्य हैं जिस उद्देश्य को लेकर आवेदन दिया हैं।

### चिगरमाल में बूढ़ा भीमसन जात्रा 22 को


रसेला। विगत कई वर्षों से बुढ़ा भीमसन जात्रा 12 पाली 36 गांव के आस्था का एकमात्र केन्द्र स्थल देवभूमि काकरीगढ चिगरमाल में यह जात्रा बैशाख शुक्ल पक्ष में आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम इस वर्ष 22 अप्रैल दिन बुधवार समय सुबह 8 से दोपहर 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे गौरीशंकर कश्यप जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद, अध्यक्षता पारस ठाकुर जिला प्रवक्ता गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि होंगे लेखराज ध्रुवा कृषि सभापति जिला पंचायत, राजेश साहू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, रामेश्वर दीवान सरपंच कोपेकसर, और 36 गांवों के सम्माननीय समस्त जनपद सदस्य, सरपंचगण, ग्राम पटेल, पंचगण और सभी ग्राम प्रमुखों उपस्थित रहेंगे। इस जात्रा को सफल आयोजन के लिए 12 पाली 36 गांव और बैगा ज्ञानसिंह नागेश सहित समिति के सभी सदस्यगण जुटे हुए हैं।

### धर्मार्थ प्याऊ का शुभारंभ



राजिम। शहर में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में धर्मार्थ प्याऊ का शुभारंभ किया। इस धर्मार्थ प्याऊ के खुलने से भीषण गर्मी में राहगीरों को प्यास से राहत मिलेगी। आने-जाने वाले राहगीर दिन भर ठंडे पानी का सेवन कर सकते हैं। रामनारायण मिश्रा द्वारा वार्ड क्रमांक 2 राजिम-रायपुर रोड एक्सिस बैंक के सामने धर्मार्थ प्याऊ की व्यवस्था की जाती है। श्री मिश्रा ने बताया कि माता-पिता की स्मृति में यह व्यवस्था की गई है। हर वर्ष यहां पर काफी संख्या में प्रतिदिन लोग आकर पानी पीकर प्यास बुझाते हैं। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया है।

### नारी सम्मान के लिए भाजपा हर लड़ाई लड़ने को तैयार



नवापारा-राजिम। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष परदेशी राम साहू ने नारी वंदन योजना विरोध को लेकर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि यह विरोध उनके नारी विरोधी चेहरे और काली करतूतों को पूरी तरह उजागर करता है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने उन्हें राजनीतिक भागीदारी में समान अधिकार देने और उनके सम्मान को सुरक्षित करने के उद्देश्य से 33% आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। यह निर्णय देश की मातृशक्ति के सम्मान और अधिकार की दिशा में एक मील का पत्थर है। शेष पेज 10 पर

# मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा, अस्पताल में जल्द लगेंगे सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को जीवन दीप समिति की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हितेश्वरी बाघे की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में अस्पताल में संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान विधायक ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों को कड़ी चेतावनी दी। विधायक जनक ध्रुव ने अस्पताल प्रबंधन और विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने वनांचल क्षेत्रों में पर्याप्त दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि वनांचल के उप-स्वास्थ्य केंद्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि वहां समय पर अस्पताल नहीं खुलता और कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं, इसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करने का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समिति ने कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। औषधि वितरण कक्ष में रैक निर्माण के लिए एस्टीमेट मंगाने का निर्णय। अस्पताल में ऑपरेटर की नियुक्ति और नया फ्रीजर खरीदने की मंजूरी। शेष पेज 10 पर



### अधूरी इमारत देख भड़के विधायक, दिया अल्टीमेटम

बैठक के बाद विधायक जनक ध्रुव और एसडीएम हितेश्वरी बाघे ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और भोजन की गुणवत्ता को परखा। इस दौरान कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र से आए मलेरिया पीड़ित स्कूली बच्चों से भी उन्होंने बातचीत की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में डॉक्टरों के लिए बन रहे भवन को पिछले कई वर्षों से अधूरा देख विधायक ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ करने का कड़ा निर्देश दिया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, बीएमओ डॉ. गजेंद्र ध्रुव, जनपद सीईओ डी.एस. नागवंशी, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, बीपीएम गणेश सोनी, महिला बाल विकास प्रभारी लीलावती सेन, बिजली विभाग के अधिकारी शेखर चौधरी, डॉ. भारती सोनवानी, राहुल साहू, मुकेश साहू सहित स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समस्या : राजिम, पांडुका, कोपरा, गरियाबंद, मैनपुर और फिंगेश्वर बस स्टैंडों पर समय-सारिणी नहीं

# रायपुर-देवभोग मार्ग पर बस समय सारिणी की उपेक्षा से यात्री होते हैं घंटों परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रायपुर से देवभोग जैसे लंबी दूरी के मार्गों पर रोजाना सैकड़ों निजी और बड़ी यात्री बसें दौड़ रही हैं, लेकिन इस आधुनिक दौर में भी यात्रियों को अपनी बस ढूंढने के लिए पसीने बहाने पड़ रहे हैं। राजिम, पांडुका, कोपरा, गरियाबंद, मैनपुर और फिंगेश्वर जैसे प्रमुख बस स्टैंडों पर समय-सारिणी (टाइम टेबल) का कोई अता-पता नहीं है। अव्यवस्था का खामियाजा सीधे आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

बस स्टैंड पर पहुंचने वाले यात्रियों को यह स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाती कि कौन-सी बस कब रवाना होगी, किस प्लेटफॉर्म से चलेगी और किस दिशा में जाएगी। सूचना के अभाव में यात्री घंटों इधर-उधर भटकते हैं। कई बार जानकारी न होने के कारण यात्रियों की बस छूट जाती है या उन्हें अनावश्यक रूप से भीषण गर्मी और धूप में लंबा इंतजार करना पड़ता है।



### बेलटुकरी परिवार का उदाहरण

हाल ही में राजिम बस स्टैंड पर एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई, जहाँ ग्राम बेलटुकरी का एक परिवार हाथ में अटैची लिए देवभोग जाने के लिए बस की तलाश में परेशान था। उन्हें गाड़ी के समय के बारे में बताने वाला कोई नहीं था। वे कभी होटल संचालकों से तो कभी ठेले पर फल बेच रही महिला से पूछताछ कर रहे थे, लेकिन सटीक जानकारी कहीं से नहीं मिली। बड़ी बस हो या लोकल, यात्री सही जानकारी पाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आते हैं। राजिम, पांडुका, कोपरा, गरियाबंद, मैनपुर, फिंगेश्वर और आसपास के प्रमुख बस स्टैंडों में न तो डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगे हैं और न ही किसी प्रकार का व्यवस्थित सूचना काउंटर दिखाई देता है। निजी बस ऑपरेटर अपने-अपने हिसाब से बसों का संचालन करते हैं, लेकिन यात्रियों को समय की सटीक जानकारी देने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है।

### ओवरलोडिंग से बढ़ रहा हादसों का खतरा

राजिम से छुरा मार्ग पर ग्राम बेलटुकरी, भैंसातरा, कौंदकेरा और तरीघाट छुईहा बेलर की ओर जाने वाले मार्गों पर इन दिनों यात्री वाहनों में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। विशेष रूप से टाटा एस मैजिक और ऑटो चालकों द्वारा खुलेआम नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन वाहनों का परमिट सीमित सीटों के लिए होता है, लेकिन हकीकत में क्षमता से कहीं अधिक यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया जाता है। कई बार तो वाहन के अंदर बैठने की जगह नहीं होने पर लोग दरवाजों और पीछे लटककर सफर करने को मजबूर हो जाते हैं। यह स्थिति न केवल खतरनाक है, बल्कि किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। गौरतलब है कि ये सभी मार्ग सिंगल रोड हैं, जहां पहले से ही यातायात का दबाव रहता है। ऐसे में ओवरलोड वाहन तेज रफ्तार से दौड़ते हुए अन्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं। बावजूद इसके, इन रूटों पर निरीक्षण और कार्रवाई का अभाव साफ दिखाई देता है। क्षेत्र के ग्रामीणो ने आरटीओ विभाग से मांग की है कि इन मार्गों पर नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाए।

## मेहनत से ही मिलती है सफलता : जनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पिपरछेड़ी पहुंचकर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक ने अपने कर कमलों से विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि किसी भी सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, सही रणनीति और शिक्षकों का मार्गदर्शन अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के ये प्रतिभाशाली बच्चे अपने परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन से आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छुएंगे और अपने परिवार, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। साथ ही वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।विधायक ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके समर्पण और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी सफलता के पथ पर अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवक सीताराम सोनवानी, प्राचार्य नागेंद्र सिंह, शिक्षिका श्रीमती संध्या तिवारी सहित शिक्षकगण बंटी यादव, प्रवीण, रोहित एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुमारी गौतमी, प्रदीप, सत्यम, अनुराग, उत्तम, शैवी, प्रियंका, अनुपम, अर्पिता, अन्नया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## एनएच किनारे मिला तेंदुए का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नेशनल हाइवे 130सी मैनपुर गरियाबंद मुख्यमार्ग के किनारे धवलपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत एक तेंदुआ मृत अवस्था मे मिला वन्यप्राणी की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे है मैनपुर महज 10-12 किलोमीटर दूर धवलपुर मार्ग के किनारे एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला घटना से स्थानीय क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। धवलपुर रेंज (राजस्व सीमा परागांव रपटा नाला) के वन विभाग के रेंजर कामता प्रसाद की मौजूदगी में मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम पूरा किया गया। इसके बाद वन विभाग के नियमों के अनुसार शव का दाह-संस्कार कर दिया गया। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण सामने आएगा।

## पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हमेशा काम किया

नवापारा-राजिम। महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास नहीं होने पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने आरोप लगाते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल को लटकाकर कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों का महिला विरोधी चरित्र उजागर हुआ है। उन पार्टियों की महिला सांसदों ने भी अपनी अंतर्रात्मा को मार कर बराबर सहयोग दिया।



श्री साहू ने कहा कि संविधान बचाने की बात कहने वाले ये विपक्षी दल संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की उस बात को भूल गए जिसमें उन्होंने कहा था कि राजनीतिक लोकतंत्र तब तक अधूरा है, जब तक कि समाज के हर वर्ग खासकर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व न मिले। शेष पेज 10 पर

# प्यास बुझाने रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ रहे वन्यजीव, बंदरों के आतंक से सहमे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

भीषण गर्मी और सूखे के कारण जंगलों में जल स्त्रोत सूखने से नीलगाय, तेंदुआ, हिरण, भालू, बंदर जैसे वन्यजीव पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों गांवों की ओर बढ़ रहे हैं। बंदर बून्द बून्द पानी के लिये दर दर भटक रहे हैं ऐसे मे बेजुबान जानवरो को राहत कैसे मिलेगी सोचने की बात है कुछ दिनों पहले झरझरा के जंगल से गांव के पास झुण्ड मे नीलगाय और भालू, हिरण, मोर जैसे वन्य जीव पानी की तलाश में भटकते दिखते थे तो रविवार और सोमवार दोपहर तेज धुप मे पानी के लिये कचना धुरवा व लोहरसी के मेन रोड मे भटकते दिखे नल की टोंटी को खोल कर अपनी प्यास बुझा रहे थे। तो झोपड़ी मे बैठ कर छाव ले रहे थे बंदर की बेबसी को देखकर



राहगीरों ने उसे सेव केला और अन्य खाद्य समाग्री दिए। बढ़ती गर्मी ने झकझोर के रखा हुआ है। इंसान तो मशीनी उपकरण का उपयोग कर गर्मी से राहत ले रहे किन्तु बेजुबान जानवर करें तो करें क्या।

इधर ग्रामीण क्षेत्र मे बंदरो ने भूख प्यास और गर्मी से हलाकान होकर आतंग मचा रहे हैं, पाण्डुका से भेंडरी लोहरसी तरीघाट मार्ग पर खुलेआम सड़को मे दादगीर दिखाते नजर आये जहाँ छोटे बच्चे व महिलाओ को दौड़ाने लगे लगभग 50 से भी अधिक के संख्या मे बंदर सड़को पर चल रहे है जो ग्रामीणों व राहगीरों को डरा कर रखा हैं आय दिनों घरों मे घुस कर खाद्य समाग्रीयों को नुकशान पहुंचा रहे हैं। नर बंदरो ने तो महिलाओ और बच्चों पर अपना कहर बरपाते नजर आए। ग्रामीणों ने वन विभाग से अपील किया हैं की जल्द से जल्द इन बंदरों को गांव से जंगल की ओर खदेड़े। इसके पूर्व इन बंदरों ने कई लोगों को चोट पहुंचाया है जो आज भी लोगों को याद है जिसके कारण ग्रामीण डरे हुए हैं।

कसेरुडीह रोशन साहू, मुरमुरा अनिल साहू, धुरसा सूरज साहू, लोहरसी घनश्याम पटेल, नूतन साहू, बाबूलाल साहू, सहसपुर नरशु ध्रुव ने अपील किया हैं की विभाग लोगों को राहत पहुंचाए। संतोष चौहान रेंजर वन परिक्षेत्र पाण्डुका ने कहा की गर्मी और पानी के तलास मे बंदर गांव की ओर बढ़ रहे हैं, जल्द विभाग द्वारा टीम कठित कर कारवाही की जाएगी ग्राममी बंदरो से दूर रहे और उसे परेशन न करें।

आरसेटी से मिल रहा प्रशिक्षण, महिलाओं को मिली स्वरोजगार की राह

# मशरूम की खेती से ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) गरियाबंद द्वारा देवभोग विकासखण्ड के ग्राम कदलीमुड़ा स्थित रीपा परिसर में आसपास के महिलाओं के लिए मशरूम खेती पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क आयोजित किया गया, जिसमें सभी हितग्राहियों को निःशुल्क टी-शर्ट, कैप, पाठन सामग्री एवं भोजन की सुविधा भी प्रदान की गई। इससे महिलाओं में प्रशिक्षण के प्रति और अधिक उत्साह देखा गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारा महिलाओं को मशरूम की खेती की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसमें मशरूम उत्पादन के लिए उपयुक्त वातावरण, बीज (स्पॉन) की तैयारी, खाद एवं कच्चे माल का चयन, उत्पादन तकनीक, देखभाल, रोग एवं कीट नियंत्रण, तथा तैयार मशरूम के भंडारण एवं विपणन की जानकारी शामिल रही। प्रशिक्षकों ने बताया कि कम लागत और कम जगह में भी मशरूम की खेती करके अच्छा लाभ अर्जित किया जा सकता है। प्रशिक्षण में शामिल सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण को समझा। महिलाओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण उनके लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला है और वे जल्द ही मशरूम उत्पादन शुरू करने की योजना बना रही हैं।



### आर्थिक संबल और सरकारी योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम में महिलाओं को यह भी समझाया गया कि किस प्रकार वे इस प्रशिक्षण का उपयोग कर स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकती हैं। साथ ही उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर आर्थिक सहायता एवं ऋण सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग भी बताया गया। इस प्रकार का प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आरसेटी गरियाबंद द्वारा आगे भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

## 75 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

धमतरी जिले से लगे उड़ीसा-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। सघन चेकिंग के दौरान ग्राम सांकरा के पास संदिग्ध कार को रोककर तलाशी लेने पर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उदंती टाइगर रिज़र्व क्षेत्र के उप निदेशक वरुण जैन ने बताया कि महाराष्ट्र नंबर एमएच 10 डीक्यू 0294 की कार संदिग्ध रूप से क्षेत्र से गुजर रही थी। चेकपोस्ट पर तैनात टीम ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन



चालक घबराकर इधर-उधर हरकत करने लगा। शक के आधार पर जब कार की डिक्की की तलाशी ली गई तो वहां से करीब 75 किलो गांजा बरामद हुआ। कार में सवार दो आरोपियों को मौके से ही हिरासत में लिया गया। शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### 45 पौवा शराब जब्त युवक गिरफ्तार

**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम संकरी में रेड कार्यवाही कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। 19 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ग्राम चण्डी की ओर रवाना थी, तभी सूचना मिली कि संकरी निवासी सोमनाथ साहू पिता हेमलाल साहू उम्र 23 वर्ष अपने पानठेला में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में मौके पर दबिश दी, जहां आरोपी के पानठेला से एक प्लास्टिक बोरी में रखे 45 पौवा देशी मसाला शराब जो कुल 8.100 बल्क लीटर, जिसकी कीमत लगभग 4500 रुपए है बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

### जामगांव में जगदीश्वर गरीबनाथ शिव मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**फिंगेश्वर।** ग्राम जामगांव के पुरोहित नेहरू तिवारी के द्वारा अपने पूर्वजों के नाम से जगदीश्वर गरीबनाथ शिव मंदिर का निर्माण किया गया था उसकी रविवार को विधिवत पूजा अर्चना कर प्राणप्रतिष्ठा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदु वाहिनी संगठन जिला गरियाबंद के जिला अध्यक्ष दशरथ सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण सिन्हा, जिला प्रभारी मिंजून साहू, मीडिया प्रभारी नीलम साहू, शिवराम सिन्हा, मुरली सिन्हा, द्वारिका साहू, राजेंद्र साहू, चिंताराम दीवान, जिला महिला प्रकोष्ठ के सदस्य एवती साहू, नीतू तिवारी, कामता तिवारी, दिनेश चौबे सहित गांव के गण मान्य नागरिक गण शामिल हुए।

### खेत व घर में हुई पारंपरिक पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में अक्षय तृतीया का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। यह किसानों का पहला त्योहार है। सुबह से ही किसान गांव में स्थित इष्ट देवी-देवताओं, ठाकुर देव में चना, महुआ, धान का भोग लगाकर सुख समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। बाद खेतों में मुट्ठी भर धान का छिड़काव किया। सर्वप्रथम ग्राम के कुल देवता ठाकुर देव में दोना पत्तल में धान, महुआ, चना चढ़ाकर अच्छी बारिश के साथ अच्छी फसल की कामना की गई। इसके बाद गांव के अन्य मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गई। बाद अपने खेतों में धान का छिड़काव कर किसानों ने खेती की शुरुआत की।


### शोभायात्रा का विहिप ने किया स्वागत



महासमुंद। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राम्हण समाज महासमुंद द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जिसका विश्व हिंदू परिषद द्वारा नेहरु चौक में पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट का स्वागत कर शीतल पेयजल वितरण किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, रविदास समाज के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धेश्वर सोनवानी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, जिला अध्यक्ष हर्ष वर्धन चंद्राकार, जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी मोहंती, नगर अध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, आनंद साहू, सुमन सेंद्रे, कान्हा प्रधान, शिवराज चंद्राकर, राहुल गुप्ता, गुरु बच्चन सिंह इच्छाप्राणी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### निधन

**राममिलन पांडेय**



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी निवासी राममिलन पांडेय उम्र 70 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। वे सुभाष पाडेय, रत्नेश पांडेय, प्रवीण पाण्डेय के पिता थे।

---

### अतिक्रमण हटाने के बाद बदली उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लौटती शांति की तस्वीर

# उदंती फायर और वॉटर वॉचर्स का असर, गर्मी में जंगल सुरक्षित, वन्यप्राणी विचरण करते नजर आ रहे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर**

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व जंगल और गांव के बीच बढ़ते मानव वनजीव संघर्ष को रोकरने के लिए एक मजबूत और कारगर मॉडल पेश किया है। रिजर्व प्रबंधन ने अपने सभी 143 फारेस्ट बिट में विशेष फायर वॉचर्स और वॉटर वॉचर्स टीमो की तैनाती कर सुरक्षा और संरक्षण को नई मजबुती दी है। अब यह सिर्फ एक संरक्षित वन क्षेत्र की नहीं रह गई है, बल्कि यह एक ऐसे मॉडल में बदलती दिख रही है, जहां संरक्षण, प्रबंधन और तकनीकी रणनीति ने मिलकर जंगल की दशा और दिशा दोनों बदल दी है कभी अतिक्रमण, आग और मानव–वन्यजीव संघर्ष की चुनौतियों से जूझता यह अभ्यारण्य अब शांत और संतुलित पारिस्थितिकी की ओर बढ़ चुका है। वन विभाग की सक्रियता के बाद लगभग 700 हेक्टेयर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया, जो इस क्षेत्र में लंबे समय से एक बड़ी चुनौती बना हुआ था। अतिक्रमण हटने के बाद न सिर्फ जंगल ने अपनी जमीन वापस पाई, बल्कि वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित आवास का दायरा भी मजबूत हुआ। टाइगर रिजर्व के 143 फॉरेस्ट बीट्स में फायर वॉचर और वाटर वॉचर की तैनाती की गई, जिससे न सिर्फ आग की घटनाओं पर नियंत्रण रखा जा रहा है बल्कि पानी की उपलब्धता और प्रबंधन भी बेहतर हुआ। जल–आपूर्ति और परिशोधन वन विभाग की यह व्यवस्था केवल निगरानी तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे एक रियल–टाइम ग्राउंड मैनेजमेंट सिस्टम की तरह लागू किया गया, जिससे छोटी घटनाओं को भी बड़े नुकसान में बदलने से पहले ही रोक लिया गया।







#### गर्मी में बढ़ती चुनौती लेकिन वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने लिए तैयारी पूरी

गर्मी के मौसम मे नदी नाले जल स्त्रेत सुखने से जानवर जैसे भालू, तेंदुआ, लकड़बघ्घा अक्सर गांव की ओर रूख करते है। इससे टकराव की घटनाएं बढ़ने का खतरा रहता है इस स्थिति से निपटने के लिए जगह-जगह झरिया और पानी की व्यवस्था किया जा रहा है जिसके कारण वन्यप्राणी जंगल से बाहर न निकल पाए। डर्मल ड्रोन से लगातार निगरानी 23 आगजनी करने वालो को जेल भेजा गया। वन विभाग की टीम लगातार नियमित गस्त कर रही है। थर्मन ड्रोन से लगातार निगरानी किया जा रहा है। जंगल में आग लगाने वाले 23 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है। अवैध शिकार पर लगाम और तकनीकी का उपयोग अवैध शिकार को रोकने मे सहायक साबित हुआ है। सुखे जल स्त्रेतो एवं आग की आशंका वाली क्षेत्रों के निगरानी के लिए सेटेलाइट मॉनीटरिंग का उपयोग किया जा रहा है।

#### मानव-वन्यजीव संघर्ष में बड़ी कमी

अभ्यारण्य के आसपास बसे करीब 120 गांवों में मानव और वन्यजीव संघर्ष की समस्या लंबे समय से चिंता का विषय रही थी, लेकिन अब स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बेहतर निगरानी, जल प्रबंधन और जंगल में मानवीय दखल कम होने के कारण अब वन्यजीव सुरक्षित दायरे में विचरण कर रहे हैं। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन वषोंर् में मानव-वन्यजीव संघर्ष की एक भी गंभीर घटना दर्ज नहीं हुई है, जो इस पूरे मॉडल की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है।

#### वन प्रबंधन का नया मॉडल बनता अभ्यारण्य

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन और उनकी टीम द्वारा किए गए लगातार प्रयासों ने इस अभ्यारण्य को एक प्रयोगशाला की तरह बदल दिया है, जहां संरक्षण के नए मॉडल विकसित किए जा रहे हैं आग नियंत्रण, जल संरक्षण और अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र की रणनीति ने मिलकर एक स्थायी इको–सिस्टम तैयार किया है।जल–आपूर्ति और परिशोधन वन अधिकारियों का मानना है कि यह मॉडल आने वाले समय में छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देश के अन्य संरक्षित क्षेत्रें के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। उदंती सीता नदी अभ्यारण्य अब केवल एक वन क्षेत्र नहीं, बल्कि सफल वन प्रबंधन और संतुलित मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व का प्रतीक बनता जा रहा है।

---

## अमात गोंड़ समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण 30 अप्रैल को



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर**

अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़राज के नव निर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण समारोह 30 अप्रैल को केबिनेट मंत्री राम विचार नेताम शामिल होंगे। ज्ञात हो कि मैनपुर में आदिवासी अमात गोड समाज द्वारा सहयोग राशि एकत्र कर विशाल सामाजिक भवन का निर्माण किया गया है इस समाज भवन के उद्घाटन में मंत्री राम विचार नेताम जी पहुंचने वाले हैं। रविवार को बैठक आयोजित कर रुप रेखा तैयार किया गया जिसमे मुख्य अतिथि रामविचार नेताम कृषि एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री केबिनेट मंत्री, विशिष्ट अतिथि श्रीमति रुपकुमारी चौधरी सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद, कुमार ओंकारशाह अध्यक्ष केन्द्रीय समिति अमात गोंड़ समाज विन्द्रानवागढ़, मति लोकेश्वरी नेताम अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ केन्द्रीय समिति बिन्द्रानवागढ़ जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता गुजरात सिंह कमलेश आदि की उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रूप से गुजरात सिंह कमलेश खेदुराम नेगी, टीकम सिंह कपिल, महेंद्र नेताम, अमृतलाल नागेश, गौकरण धुर्वा, प्रेमसाय जगत, गुमान सिंह नेताम, विश्राम सिंह नागेश, पवन दीवान, जाछिन्द मरकाम, नेपाल सिंह सोरी, सियाराम नागेश, प्रताप मरकाम, भुनेश्वर नेगी, समारुराम नेताम उपस्थित थे।

## मंत्री के हाथों शिक्षक खोमन सम्मानित



**छुईहा बेलर।** राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा कुण्डेल प्रा शाला सिर्रीखुर्द को मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के करकमलों से कंडरा समाज के की ओर से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र एवं समाज में हर्ष व्याप्त है। इस सम्मान के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, अध्यक्ष आदिवासी समाज राजिम राज सहित समस्त कंडरा समाज, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस उदारता के लिए खोमन गुरुजी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे आगे भी शिक्षा एवं समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

---

## बालिकाओं ने धूमधाम से रचाया गुड्डा-गुड़िया विवाह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर**



अक्ति त्योहार के पावन अवसर पर ग्राम बिजली में बालिकाओं ने पारंपरिक संस्कृति को जीवंत कर दिया। गांव की शशि, रोहिणी, वीणा, खुशबू, नमिता, सेजल, हेमकुमारी, वीणा, देविका एवं गोपेश्वरी ने मिलकर पूरे रीति-रिवाज के साथ गुड्डा-गुड़िया का विवाह संपन्न कराया। बालिकाओं ने स्वयं मंडप सजाया, हल्दी-तेल चढ़ाने से लेकर मेहंदी रचाने तक की रस्में निभाईं। गुड्डा की बारात ढोलक-मंजीरे की थाप पर निकाली गई, तो गांव की महिलाओं ने मंगलगीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। विवाह संपन्न होने के बाद गुड़-चना व बूंदी का प्रसाद बांटा गया। वार्ड पंच डोमन साहू के मार्गदर्शन एंव ग्रामीणों ने बताया कि अक्ति पर गुड्डा-गुड़िया ब्याह ग्रामीण अंचल की पुरानी परंपरा है। यह आयोजन बच्चों में सामाजिकता, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों का बीजारोपण करता है। डिजिटल युग में भी बेटियों द्वारा इस परंपरा को संजोकर रखना प्रशंसनीय है। नन्हीं बालिकाओं के इस आयोजन ने पूरे गांव को आनंदित कर दिया और बड़ों को भी अपने बचपन की याद दिला दी।

## सिरजन लोक कला एवं साहित्य परिवार की बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका**





छत्तीसगढ़ अन्तर्गत गरियाबंद धमतरी जिले का बहुआयामी संस्थान सिरजन लोक कला एवं साहित्य परिवार द्वारा अंचल के ग्राम कुरूद में मासिक बैठक आहूत किया गया था जो 19 अप्रैल रविवार को ग्राम के संत माता कर्मा मंदिर परिसर में जिला गरियाबंद और धमतरी के विविध विधाओं के कलाकार और पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

बैठक के संयोजन ठाकुर राम साहू, संतोष कुमार साहू, लोमस राम साहू और बुधारु यादव ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य और साहू समाज परिक्षेत्र पाण्डुका युवराज साहू और ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष श्री भोज राम साहू का आत्मीय सम्मान श्री फल गुलाल लगाकर किया जिनके द्वारा हमेशा संस्कृति और परम्पराओं को सहेजने संवारने जैसे रचनात्मक कार्यों के लिए हमेशा सहयोग मार्गदर्शन करते रहने की बात की है। बैठक में दोनों जिलों के लगभग 70 कलाकार और पदाधिकारियों में पंथी पण्डवानी नाचा लोक कला मंच जस गीत सुआ नृत्य आदि विधाओं के सिद्ध हस्त कलाकार उपस्थित होकर, कलाकारों के दिवंगत हुए परिजनों को श्रद्धांजलि भेंट कर संवेदना व्यक्त किया गया।

इस महती अवसर पर प्रधान संरक्षक डॉ. नूतन लाल साहू साहित्यकार, सेवा निवृत्त करारोपण अधिकारी, संरक्षक सेवक ठाकुर संस्थापक गौकरण मानिकपुरी अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, गंगा बाई मानिकपुरी उपाध्यक्ष माहेश्वरी सिन्हा केन्द्रीय प्रतिनिधि रुक्मणी दीवान सचिव बाबूलाल साहू, कोषाध्यक्ष गिरवर सिंह ध्रुव, संगठन मंत्री जयसिंह दीवान, महेश निर्मलकर, सरपंच मानिक दाऊ कंवर, दौलत यादव, शंभू राम टोण्डरे, चैतू राम तारक, टिकेश्वरी, सुशीला बाई, रिखी राम साहू, विजय कुमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

---

## जिले में 5450 मोतियाबिंद मरीजों का किया गया सफल आपरेशन

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में डा. अनिल कुमार गोरियार जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के मार्गदर्शन एवं नीलू घृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत महासमुंद जिले के समस्त विकासखंडों को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त विकासखंड 25 अप्रैल 2026 तक घोषित किया जाएगा। मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग द्वारा महासमुंद जिले को वर्ष 2025-26 में 5000 मोतियाबिंद आपरेशन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरूद्ध जिले में 5450 मोतियाबिंद मरीजों का सफल आपरेशन किया गया है। जिले के शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल में पदस्थ नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. राजेश कुमार साहू 470, डा. मंजूषा चंद्रसेन 536, डा. अनिल कुमार गोरियार 255, डा. ऋतु बजाज 275, डा. नेहा सिंह 44 मोतियाबिंद आपरेशन किया गया है। जिले में शासकीय अस्पताल, अनुबंधित अस्पताल एवं निजी अस्पताल मिलाकर कुल 5450 मोतियाबिंद आपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। यह जिले की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके तहत जिले के समस्त विकासखंडों को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त विकासखंड 25 अप्रैल 2026 तक घोषित किया जाएगा।

## दानेश्वर महादेव मंदिर में गुड्डा-गुड़िया विवाह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर**



अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बेलर स्थित दानेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। दानेश्वर महादेव समिति द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गुड्डा-गुड़िया विवाह का आयोजन किया गया, जिसके साथ ही धार्मिक वातावरण को और पवित्र बनाने के लिए रामायण पाठ भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। गुड्डा-गुड़िया विवाह की रस्में पूरे विधि-विधान के साथ कराई गईं, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान मंदिर परिसर भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। समिति के प्रमुख सदस्यों में टीकम सिन्हा, केवल साहू, चेमन साहू, गैंद साहू, धनेश्वर साहू, मोहन साहू, डोमार सिन्हा (शिक्षक), यशवंत सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा (शिक्षक) सहित कई लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पायल, योगिता, छमा, रेशमी, सानिया, कीर्ति, वेणु गोपाल, कुणाल, मेहूल, उरवी, वेदांत उज्वल मीना, कुंती, उमा, मंजू, हेमा, द्रोपती, लता, धनेश्वरी और अश्वनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा शामिल हुए।

## सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



**अभनपुर।** नगर पालिका वार्ड क्रमांक 10 में सामुदायिक भवन परिसर में बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा 8 लाख 53 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह निर्माण कार्य विधायक इंद्र कुमार साहू की अनुशंसा तथा नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे एवं वार्ड पार्षद रूपनारायण साहू के विशेष प्रयासों से प्रारंभ हुआ। स्थानीय नागरिकों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वार्डवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक सुसज्जित स्थान उपलब्ध होगा।

---

## अक्षय तृतीया पर मारवाड़ी युवा मंच की अनूठी पहल, अमृतधारा के तहत बांटे 151 मटके



**सरायपाली।** अक्षय तृतीया पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा मानवता की सेवा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। मंच के अमृतधारा अभियान के अंतर्गत भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और दुकानों पर 151 शीतल जल पात्र (मटके) का निःशुल्क वितरण किया गया।

सेवा का यह कार्य नगर की अधिष्ठात्री देवी मां घंटेश्वरी मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात यह अभियान मुख्य बाजार से होते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों में पहुँचा, जहाँ राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए मटकों की व्यवस्था की गई। मंच के सदस्यों ने बताया कि केवल मटका ही नहीं, बल्कि उसके साथ लोहे का स्टैंड और पानी निकालने के लिए जग भी निःशुल्क प्रदान किया गया है। अभियान की खास बात यह रही कि दुकानदारों को मटके में पानी भरकर सौंपे गए, ताकि तुरंत ही लोगों को ठंडा और स्वच्छ जल मिलना शुरू हो जाए। नगर के बस स्टैंड, पुलिस थाना और मुख्य बाजार की ऐसी दुकानें जहां राहगीरों का आना-जाना अधिक है और पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं थी, वहां प्राथमिकता के साथ ये मटके लगाए गए। मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर शरबत वितरण




**सरायपाली।** भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर नगर में धार्मिक आस्था और सेवा भावना का विशेष माहौल देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ गौण ब्राह्मण नवयुवक संघ द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रकटोत्सव मनाया गया। इस दौरान लोगों को शरबत एवं मीठा प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य भी किया गया। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को हनुमान राम-जानकी मंदिर परिसर के सामने गौण ब्राह्मण नवयुवक संघ द्वारा एक स्टाल लगाया गया। जहां राहगीरों और श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडा शरबत और बूंदी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया और आयोजन की सराहना की। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण बना रहा। इसके अलावा शाम के समय गीता भवन में भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजय शर्मा, उमेश शर्मा, बजरंग शर्मा, दिलीप शर्मा, दीपक शर्मा, मोहन शर्मा, कुशांक शर्मा, सुनील शर्मा, तरुण शर्मा, हनी शर्मा, हरिकिशन शर्मा, अशोक शर्मा, अनुज शर्मा, अमित शर्मा, कैलाश शर्मा, जीतू शर्मा, श्याम शर्मा सहित अनेक सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साक्ष्यों के अभाव में बरी हुआ सट्टा मामले का आरोपी

**महासमुंद।** सट्टा खिलाने के आरोप में पकड़े गए तीन आरोपियों मनहरण ध्रुव, छन्नू सिंह और जगदीश यादव को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अदालत में पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा, जिसके चलते कोर्ट ने उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी किया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 27 फरवरी 2024 को मुखबिर की सूचना पर इमलीभाठा चौक के पास छापेमारी कर इन आरोपियों को पकड़ा गया था। पुलिस ने दावा किया था कि उनके पास से सट्टा पट्टी, डॉट पेन, तीन मोबाइल और 8,150 नगद बरामद किए गए थे। इस आधार पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 और 7 के तहत मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि जब्ती की कार्रवाई के समय मौजूद स्वतंत्र गवाहों ने पुलिस की कहानी का समर्थन नहीं किया। गवाहों ने बयान दिया कि उनके सामने कोई सट्टा पट्टी या नगद राशि जब्त नहीं की गई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल बरामदगी से दोष सिद्ध नहीं होता, जब तक स्वतंत्र गवाह इसकी पुष्टि न करें। तीनों आरोपियों को बरी करने के साथ ही अदालत ने आदेश दिया कि जब्त की गई 8,150 की राशि को अपील अवधि बीतने के बाद शासन के पक्ष में राजसात कर लिया जाए।

### नयापारा शिव मंदिर चौक में रामलीला, उमड़े श्रद्धालु

**महासमुंद।** शहर के नयापारा स्थित शिव मंदिर चौक में रात साढ़े 7 से साढ़े 10 बजे तक लोग रामलीला का आनंद ले रहे हैं। पहले दिन 14 अप्रैल को श्री राम जन्म,मुनि आगमन, ताड़का वध, 15 को मारीच, सुबाहु वध अहिल्या उद्धार, 16 को धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद, जनक विलाप, 17 को परशुराम-लक्ष्मण संवाद, सीता राम विवाह, 18 को सूर्पणखां नाक छेदन, सीता हरण, राम विलाप, 19 को शबरी श्री राम भेंट, श्री राम-सुग्रीव मित्रता, बालि वध की कथा सुनाई गई। वहीं 20 अप्रैल लक्ष्मण शक्ति, 21 को मेघनाथ, कुंभकर्ण वध एवं अंतिम दिवस 22 अप्रैल को रावण वध, श्री राम राज्याभिषेक, चढ़ौत्री एवं महाप्रसाद का कार्यक्रम होगा। आयोजक पंडित रोहिणी प्रसाद उपाध्याय एवं श्री राम प्रभु उपाध्याय ने कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

### बजरंग दल ने किया पुतला दहन



**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा सोमवार को स्थानीय नेहरु चौक में टीसीएस नासिक में धर्मांतरण के मुद्दे जैसे हिंदू महिलाओं का शोषण, देवी-देवताओं का अपमान सहित कई मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। पश्चात बजरंगियों ने राष्ट्रति के नाम तहसीलदार जुगल किशोर पटेल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के देवेंद्र दुबे, प्रांत समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, जिला अध्यक्ष हर्ष वर्धन चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी मोहंती, बजरंग दल जिला संयोजक गितेश पांडा, नगर अध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, मनीष चंद्राकर, कौशलेंद्र चंद्राकर, सुरेंद्र महाराज, राहिल गुप्ता, अश्वनी शर्मा, रामेश्वर गोलू साहू, आनंद साहू, सुमन सेंद्रे, कान्हा प्रधान, शिवराज चंद्राकर, राहुल गुप्ता, गुरु बच्चन सिंह इच्छाप्राणी, गोलू साहू, दिनेश सोनी, गुड्डा सिन्हा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### शराब दुकानों में स्टाक नहीं मदिराप्रेमियों में बढ़ी बेचैनी

**महासमुंद।** प्लास्टिक बोतलों में सप्लाई की नीति तो तय हुई लेकिन व्यवस्था तय नहीं होने के कारण जिले भर की शराब खासकर देशी शराब दुकानों में स्टॉक खत्म हो चुका है। सप्ताहभर से इस स्थिति के चलते मदिरा प्रेमियों में बेचैनी है। वहीं देशी शराब नही मिलने के कारण इसका सीधा लोड अंग्रेजी शराब दुकानों में देखने को मिल रहा है। इस मौके का फायदा भी जमकर उठाया जा रहा है।

# अक्ती पर परंपरा-आस्था का अनूठा संगम, माटी पूजन व पुतरा-पुतरी विवाह की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में सोमवार को अक्षय तृतीया का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष अक्षय तृतीया सोमवार रोहिणी नक्षत्र को पड़ने से इसे और भी अधिक शुभ माना गया। रसेला सहित क्षेत्र में अक्ती तिहार को पारंपरिक उत्साह के साथ गांवों में सुबह से ही पूजा पाठ और विशेषकर कृषि संबंधी परंपराओं का निर्वहन किया गया। इस पावन पर्व पर किसानों ने माट्टी पूजन किया और खेत में धान के बीजों की बुआई कर फसल के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दिन किसान आषाढ़,सावन, भादों और क्वार (बारिश के महीने) को दर्शाते हैं। चारों ओर मिट्टी का टूकडा रखकर उसके ऊपर मिट्टी का नया गढा रख देते हैं और जिस ओर मिट्टी पानी से



पुरी तरह गिला होने उस दिशा और माह में मानसून अच्छा होने का अनुमान लगाया जाता है। यह अनुष्ठान केवल अंधविश्वास नहीं, बल्कि किसानों के लिए आशा, आत्मविश्वास और प्रकृति के साथ जुड़ने का एक तरीका है, जो उन्हें मानसून से पहले ही खेती की योजना बनाने में मदद करता है। साथ ही बच्चों ने बड़ी ही श्रद्धा और उत्साह के साथ पुतरा पुतरी का विवाह कराया। यह आयोजन किसी वास्तविक विवाह से कम नहीं था, जहां की पवित्रता और बच्चों का उत्साह देखते ही बना। पुतरी पुतरा की शादी केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह भावी पीढ़ी को हमारे संस्कारों, वैवाहिक रस्मों और सामाजिक जुडाव से परिचित कराने का एक सशक्त माध्यम है। अंचल में अक्षय तृतीया के दिन बड़ी संख्या में वर वधू परिणाम सूत्र में बंधे। अक्ती और माट्टी पूजन त्योहार धरती के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का त्योहार है। इस दिन गांव के समस्त देवी-देवताओं की सदैव कृपा गांव में बनाए रखने के लिए पूजा अर्चना कर प्रार्थना करते हैं।

### परसदाकला में गूंजी शहनाई राम-सीता के नाम से छपा विवाह का निमंत्रण



**छुईहा बेलर।** ग्राम परसदाकला के नंदीश्वर महादेव चौक में अक्ती तिहार के शुभ अवसर पर कर्मा माता समिति के तत्वावधान में एक अनोखा और पारंपरिक आयोजन देखने को मिला, जहां पुतरा-पुतरी का विधिवत विवाह समारोह संपन्न कराया गया। इस आयोजन ने ग्रामीणों में उत्साह और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति गहरी आस्था को दर्शाया। समिति द्वारा इस आयोजन के लिए बाकायदा विवाह कार्ड छपवाए गए और गांव के प्रत्येक घर में आमंत्रण पत्र वितरित किए गए। आमंत्रण पत्र में पारंपरिक शैली में लिखा गया था "सौ. कां. सीता सुपुत्री श्रीमान जनक राजा, माता श्रीमती सुनैना रानी एवं चि. श्रीराम सुपुत्र श्रीमान दशरथ राजा, माता श्रीमती कौशिल्या रानी के मंगल परिणयोत्सव में सादर आमंत्रित हैं।" विवाह समारोह के दौरान चुलमाटी, तेल, मायन, शाकोचार, पाणिग्रहण, टिकावन एवं आशीर्वाद समधन भेंट जैसी सभी पारंपरिक रस्मों का विधिपूर्वक निर्वहन किया गया। लोगों ने पीला चांवल का टीका लगाकर पैसा राशि व उपहार भेंट किया गया।

### विडंबना : बस स्टैंड का शौचालय बना खंडहर पर नहीं हुआ लोकार्पण

# भीषण गर्मी में प्यासे व परेशान यात्री, शौचालय के नाम पर केवल ताला और कचरे का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान लगातार नए रिकॉर्ड छू रहा है। वहीं कोपरा नगर के मुख्य बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बस स्टैंड परिसर में न तो शौचालय की समुचित व्यवस्था है और न ही प्यास बुझाने के लिए प्याऊ घर की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में दूर-दराज से आने वाले यात्रियों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थान पर बुनियादी सुविधाएं होना बेहद जरूरी है। लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता के चलते यहां हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। यात्रियों को शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। जिससे असुविधा के साथ-साथ स्वच्छता पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। वहीं तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोग प्यास से बेहाल नजर आते हैं। प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का आना-जाना इस बस स्टैंड से होता है। लेकिन



सुविधाओं के अभाव में उन्हें खुले में बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है। कई बार छोटे बच्चे और बुजुर्ग गर्मी के कारण बीमार भी पड़ जाते हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि वे अपनी ओर से लोगों को पानी पिलाने की कोशिश करते हैं।लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है।नागरिकों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की जा रही है कि बस स्टैंड पर जल्द से जल्द शौचालय और प्याऊ घर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। साथ ही साफ-सफाई और छायादार बैठने की व्यवस्था भी की जाए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। तो आने वाले दिनों

#### शादी-ब्याह के सीजन में महिलाओं की दुर्दशा

अभी शादी ब्याह का सीजन होने के कारण बसों में भी भीड़ हैं।और बस से उतरने वाली महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ राह हैं।वहीं बस स्टैंड में बने सार्वजानिक शौचालय के सामने कूड़ा कचरा का डेर हैं। सार्वजानिक शौचालय में लगे समान को असामाजिक तत्वों के द्वारा नुकसान पहुंचाया जा राह हैं।आखिर कब होगा सार्वजानिक शौचालय शुभारंभ लोगों में इंतजार की घड़ी वहीं नगर पंचायत के कार्य प्रणाली से नगर वासी में नाराजगी हैं।

#### व्यवस्था में सुधार का आश्वासन

श्यामलाल वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोपरा गंदगी को उठाना शुरू कर दिए हैं, पहले हमारे पास गाड़ी नहीं थी अब सुविधा हो गई है और डोर टू डोर कार्य चल रहा है। सोमवार को वर्ड क्रमांक 9 में सफाई कार्य चला हैं। मंगलवार को बस स्टैंड मे सफाई कार्य किया जायेगा। रही बात शौचालय का तो पूर्व सरपंच कॉल में कुछ प्रकारण चला रहा हैं जिसके कारण रुका हुआ हैं। जांच कर उसको भी जल्द शुरू कराएंगे।

## बलरामपुर में श्रीराम-जानकी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

ग्राम बलरामपुर (बिड़ोरा) में नवनिर्मित भव्य श्रीराम-जानकी मंदिर के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं चार दिवसीय संगीतमय मानसगान सह व्याख्या कार्यक्रम का सोमवार को भव्य समापन हुआ। मंदिर में राम-जानकी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से संपन्न कराई गई, जिसके साथ साथ चार दिन तक रामचरितमानस का संगीतमय गायन एवं व्याख्यान की मंच में आयोजित किया गया। इस दौरान भक्तों ने भगवान राम के गुणगान और जीवन चरित्र को श्रद्धापूर्वक सुना। कार्यक्रम की तैयारी एवं व्यवस्था में सरपंच सरकड़ा अमिता यदु, पूर्व सरपंच



मनोज यदु, ग्राम अध्यक्ष धीरज शर्मा, मंदिर समिति अध्यक्ष लेखराम साहू, संरक्षक भुनेश्वर साहू, कमल भारतीय, नरेंद्र साहू, महेंद्र साहू, लखन साहू, भेखराम साहू, भगेलू यादव, कुंजलाल यादव, दिनू राम यादव, घनश्याम साहू तथा मंच संचालक डोमन भारती सहित ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह में भक्ति भाव से ओत-प्रोत वातावरण रहा और लोगों ने आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

## बच्चों ने रचाई गुड्डा -गुड़िया की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बैशाख शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया पर्व पर छोटे बच्चों सहित बड़ों ने गुड्डे गुड़ियो का विधिविधान से विवाह रचाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित हरदीभाठा, भाठीगढ़, भटगांव, नहानबिरी, जिड़ार, जाड़ापदर, मैनपुर कला सहित कई गांवो मे चौक चौराहो पर शादी का पंडाल सजाकर पूरे जोश उमंग के साथ अक्ती विवाह रचाया गया।



## कार्य में देरी और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र के हाल ही में एसडीएम कार्यालय से जुड़े अटैच पटवारी के निलंबन की कार्रवाई ने साफ संकेत दे दिया है कि अब प्रशासनिक व्यवस्था में लापरवाही और भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस सख्त कदम के बाद अन्य शासकीय कार्यालयो में हड़कंप का माहौल देखा जा रहा है। इसी बीच सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू ने क्षेत्र के कुछेक अधिकारियों को सीधे चेतावनी दी है उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि राजिम विधानसभा और फिंगेश्वर ब्लॉक में अब कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अपनी मनमानी नहीं चलाए। ग्राम पंचायत के सरपंचों और आम जनता के कामों में देरी, फाइल दबाना, या किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी नहीं चलेगी। श्री साहू ने कहा कि यदि



कोई भी कर्मचारी, अधिकारी या बड़ा पदाधिकारी सहित आम जनता के कार्यों में बाधा डालता है या भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ वे शिकायत करेंगे। कहा कि सरपंच संघ अब हर पंचायत तथा कुछेक विभागों पर नजर रखे हुए है। जो अधिकारी ईमानदारी से काम करेगा, उनका सम्मान होगा लेकिन जो जनता को घुमाएगा उसके खिलाफ शिकायत की जाएगी।

## अक्षय तृतीया पर्व पर बच्चों ने रचाया गुड्डे गुड़ियों का ब्याह, निभाई सभी रस्में

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय तृतीया (अक्ती) पर्व पर मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया यानी पुतरा-पुतरी का ब्याह रचाया गया। जहां विवाह की सभी रस्में निभाई गई। बाजे-गाजे के साथ बारात स्वागत किया। वहीं बारातियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। पर्व लेकर बच्चों व बड़े में भी उत्साह का माहौल रहा है।

इस वर्ष दो दिन अक्षय तृतीया का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने गुड्डा-गुड़ियों को सजाकर, उन्हें मौर-मुकुट पहनाकर और हल्दी-तेल की रस्म निभाकर विवाह कराया। गांवों में बच्चों ने मंडप सजाया, बारात निकाली और गाजे-बाजे के साथ पूरी शादी की रस्मों को निभाया। इस आयोजन में घर के बड़े सदस्य भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते नजर आए।

## भाजपा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन बिल पास कराना चाह रही थी : रामकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार झुठा भ्रम फैलाया जा रहा है भाजपा महिला आरक्षण नहीं बल्कि परिसिमन बिल पास कराना चाह रही थी। महिला आरक्षण बिल 2023 में पास हो चुका है भाजपा लागू नहीं करना चाहती उक्त बाते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। श्री ध्रुव ने आगे कहा की महिला आरक्षण बिल



(नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023) 128वां संविधान संशोधन सितम्बर 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है तथा यह कानून भी बन चुका है। भाजपा इस आरक्षण बिल को क्यो लागू नहीं कर रही है? इस बिल के आधार पर तुरन्त आरक्षण प्रभावी हो सकता है। श्री ध्रुव ने आरोप लगाते हुए कहा की भाजपा द्वारा महिला आरक्षण नही परिसिमन बिल पास कराना चाह रही थी और भाजपा अपने मन मुताबिक सीटो के परिसिमन करना चाह रहा था जो विपक्षी दलो की एकजुटता से पूरा नहीं हुआ।

## उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजे गए अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ग्राम लोहरसी हाई स्कूल मे पदस्थ प्रभारी प्रिंसपल रवि अग्रवाल को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंजनेय यूनिवर्सिटी, रायपुर के तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति पी. रामा राव और प्रबंधक अनिल कुमार जैन ने



अग्रवाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर गरियाबंद और रायपुर जिले के लगभग 30 शिक्षकों के साथ कोचिंग एवं कंप्यूटर सेंटर से जुड़े करीब 20 शिक्षकों को भी सम्मान दिया गया।

## नवापारा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैन्दू की अनुमति से तथा पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू एवं पीसीसी सचिव प्रवीण साहू की सहमति एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ने नवापारा ग्रामीण ब्लॉक अभनपुर कार्यकारिणी सूची जारी की। कार्यकारिणी में 1 कोषाध्यक्ष 6 उपाध्यक्ष 8 महामंत्री 10 सचिव 7 कार्यकारिणी सदस्य सहित 31 वरिष्ठ जनों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है जिसमें कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा पोंड़, उपाध्यक्ष गोपाल साहू दुलना, दुलारी देवांगन पारागांव, अयोध्या गिलहरे कठिया, युवराज साहू



निषदा, हौसलाल साहू टोकरो, शकुन चंद्राकर चरौदा, महामंत्री-लोकेश साहू हसदा, रामसेवक साहू टीला, हरीश साहू तामासिवनी, बिसहत साहू भलेरा, उमराव साहू पिपरौद, बिंदु सिन्हा नवागांव, निलेश चंद्राकर छटेरा, देवलाल धृतलहरे तर्रा, सचिव-यशवंत चंद्राकर गिधवा ,मेनका साहू डोंगीतराई, हेमलाल जांगड़े तामासिवनी, संजय यादव पिपरौद ,ओंकार ध्रुव भोथीडीह ,हिमाचल पाल गोरभट्ठी, खेमराम साहू जामगांव, राजेश साहू कोलियारी, चित्रलेखा तारक परसदा, कार्यकारिणी सदस्य-पुष्पा साहू चंपारण, राजूपाल पटेवा, कृष्णा चक्रधारी नवागांव शामिल है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू, आशुतोष तिवारी, कमलनारायण साहू, मानू तिवारी, आशीष अवस्थी ,चेतन यदु, बिसेलाल साहू, सोहन देवांगन सहित 31 वरिष्ठ कांग्रेसजन सदस्य है। इन सभी नए पदाधिकारियों को पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू तथा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### अक्ति पर्व, किसानों ने की अच्छी फसल की कामना

# वार्ड क्रमांक 14 में बच्चों ने रचाया गुड्डे-गुडियों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं में प्रमुख स्थान रखने वाला अक्षय तृतीया अक्ति इस वर्ष भी पूरे उत्साह, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। गांव से लेकर शहर तक, हर गली-मोहल्ले में इस पर्व की खास रौनक देखने को मिली। विशेष रूप से बच्चों के बीच गुड्डे-गुड़ियों के विवाह की परंपरा ने त्योहार को और भी जीवंत बना दिया। अक्ति के एक दिन पहले ही घर-घर में चूलमाटी और तेल मायन की रस्में निभाई गईं, जिससे त्योहार का माहौल पहले से ही बन गया था। वहीं पर्व के दिन सुबह किसानों ने कृषि परंपरा के





तहत ठाकुर देव में दोना चढ़ाकर अच्छी फसल की कामना की। बैगा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद किसानों को धान वापस सौंपा गया, जिसे वे अपने खेतों में ले जाकर बोवनी से पहले पूजते हैं। यह परंपरा प्रकृति और खेती के प्रति आस्था का सुंदर प्रतीक है। शाम होते ही त्योहार का सबसे आकर्षक दृश्य सामने आया, जब बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ गुड्डे-गुड़ियों की बारात निकाली। नगर के वार्ड 14 पथर्रा में छोटे-छोटे बच्चों ने राम-सीता के रूप में गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाकर सबका मन मोह लिया। लड़का पक्ष से रानू साहू, गीता साहू, धानी पाल, चांदनी, गंगा, मोनिका, साक्षी और हर्ष बारात लेकर पहुंचे, जबकि लड़की पक्ष में कृतिका वर्मा, कुसुम वर्मा और पूजा वर्मा ने दुल्हन पक्ष की भूमिका निभाई। बारात के आगमन पर घर के द्वार पर पारंपरिक तरीके से जयमाला कर स्वागत किया गया।

**संस्कृति को सहेजने का सशक्त माध्यम:** बच्चों ने पूरे रीति-रिवाज के साथ विवाह की रस्में निभाईं और अंत में गुड्डे-गुड़ियों को विदा कर साथ ले गए। इस दौरान मोहल्ले के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। बच्चों ने बताया कि वे पूरे साल इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार करते हैं और हर बार इसे और भी धूमधाम से मनाने की कोशिश करते हैं। अक्ति का यह पर्व न केवल परंपराओं को जीवित रखता है, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का भी सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। इस तरह अक्ति ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में उत्सव सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक आनंद और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक है।

